राजस्थान सरकार
**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर**

**कमांक:–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/1093** **दिनांक–16/12/2021**

**आदेश**

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश संख्या 30/2021–22 दिनांक 30.09.2021 के द्वारा श्री विजय कुमार (लिंक नम्बर 6012), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, श्रीगंगानगर से महाप्रबंधक, राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि0, श्रीगंगानगर किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री विजय कुमार द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री विजय कुमार को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक 16.12.2021 को मध्याह्न पूर्व एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते हैं कि श्री विजय कुमार नवीन पदस्थापन स्थान महाप्रबंधक, राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि0, श्रीगंगानगर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp1-ta-rj@nic.in/दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

उक्त के अतिरिक्त श्री विजय कुमार को निर्देश दिये जाते है कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक तक नहीं किये जाने के सम्बन्ध में **अपना स्पष्टीकरण** 3 कार्यदिवसों में निदेशालय को पत्र/ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**(राधेश्याम मीणा)**
**निदेशक**

**कमांक:–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/1093** **दिनांक–16/12/2021**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, श्रीगंगानगर।
3. महाप्रबंधक, राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स लि0, श्रीगंगानगर।
4. श्री विजय कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय– मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, श्रीगंगानगर।
5. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

**(धीरज सिसोदिया)**
**अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)**